संचिका सं०–3 / सी०एस० / एम०–03 / 2026 88

**बिहार सरकार**

मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग

प्रेषक,

**प्रत्यय अमृत,**
मुख्य सचिव।

सेवा में,

**सभी अपर मुख्य सचिव / प्रधान सचिव / सचिव,**
**जिलों के सभी प्रभारी सचिव,**
**पुलिस महानिदेशक, बिहार,**
**सभी प्रमंडलीय आयुक्त,**
**सभी क्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक / उप महानिरीक्षक,**
**सभी जिलाधिकारी,**
**सभी वरीय पुलिस अधीक्षक / पुलिस अधीक्षक।**

पटना–15, दिनांक– 11.01.2026

विषय : माननीय मुख्यमंत्री की जिलावार **'समृद्धि यात्रा'** कार्यक्रम के संबंध में।

महाशया / महाशय,

उपर्युक्त विषयक माननीय मुख्यमंत्री का दिनांक–16.01.2026 से जिलावार **'समृद्धि यात्रा'** कार्यक्रम निर्धारित है। माननीय मुख्यमंत्री द्वारा जिलों में भ्रमण के दौरान निम्नांकित कार्यक्रम किये जायेंगे :–

1. प्रगति यात्रा एवं सात निश्चय से संबंधित योजनाओं तथा जिले की अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं का स्थल निरीक्षण।
2. जिले की महत्वपूर्ण परियोजनाओं का शिलान्यास / उद्‌घाटन / कार्यारंभ।
3. जन संवाद कार्यक्रम।
4. जिलास्तरीय योजनओं की समीक्षा बैठक।

संबंधित जिला पदाधिकारी इस कार्यक्रम हेतु ससमय सभी आवश्यक तैयारी सुनिश्चित करेंगे। योजनाओं के स्थल निरीक्षण के समय संबंधित विभागों के अपर मुख्य सचिव / प्रधान सचिव / सचिव उपस्थित रहेंगे।

समीक्षा बैठक में पुलिस महानिदेशक तथा निर्धारित विषयों से संबंधित विभागों के अपर मुख्य सचिव / प्रधान सचिव / सचिव उपस्थित रहेंगे। अपरिहार्य स्थिति में विभाग के दूसरे वरीयतम पदाधिकारी बैठक में भाग लेंगें। संबंधित जिला की विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों की पूर्व से ही समीक्षा कर लेंगें।

अतः अनुरोध है कि समृद्धि यात्रा के दौरान निर्धारित किये गये विषय / आयोजन से सम्बन्धित सभी पदाधिकारीगण पूर्ण तैयारी के साथ ससमय उपस्थित रहने की कृपा करेंगे।

विश्वासभाजन

11.1.2026

(प्रत्यय अमृत)
मुख्य सचिव

ज्ञापांक–3 / सी०एस० / एम०–03 / 2026 88 / पटना–15, दिनांक–11.01.2026

प्रतिलिपि–विकास आयुक्त, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

11/1/2026

(अरविन्द कुमार चौधरी)
अपर मुख्य सचिव

ज्ञापांक–3 / सी०एस० / एम०–03 / 2026 88 / पटना–15, दिनांक–11.01.2026

प्रतिलिपि–सभी मंत्रीगण के आप्त सचिव को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

11/1/2026

(अरविन्द कुमार चौधरी)
अपर मुख्य सचिव

ज्ञापांक–3 / सी०एस० / एम०–03 / 2026 88 / पटना–15, दिनांक–11.01.2026

प्रतिलिपि–मुख्यमंत्री, बिहार के प्रधान सचिव / सचिव को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

11/1/2026

(अरविन्द कुमार चौधरी)
अपर मुख्य सचिव

ज्ञापांक–3 / सी०एस० / एम०–03 / 2026 88 / पटना–15, दिनांक–11.01.2026

प्रतिलिपि–आई0टी0 मैनेजर, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

11/1/2026

(अरविन्द कुमार चौधरी)
अपर मुख्य सचिव